महत्वपूर्ण एवं खास

टाटा कंपनी दुर्ग बाईपास टोल प्लाजा की रंगदारी : सरकारी कार्ड की नहीं कोई सुनवाई

बाईक चालकों से भी होती है अवैध वसूली

रायपुर (आरएनएस)। दुर्ग-राजनांदगांव बाईपास मार्ग पर स्थित टाटा कंपनी के अधीन टोल प्लाजा में अलग ही प्रकार का नियम और फरमान चलता है। यहां से गुजरने वाले सभी वाहन चालकों को यहां कार्यरत कर्मचारियों के दबंगई का सामना करना पड़ता है चाहे वो दो पहिया सवार वाहन चालकों हो या फिर चार पहिया सवार वाहन चालक हो दिलचस्प बात यह है कि अगर आपकों को यहां से गुजरना है चाहे आप सरकारी क्षेत्र में कितने भी बड़े पद पर आसिन हो आपकी यहां दबंगई करने वाले कर्मचारियों की नहीं सुनी जाएगी।

राज्य शासन द्वारा विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी और अधिकारी गणों को उनके कार्य के आधार पर विशेष कार्ड स्वीकृत किये जाते हैं इससे वे कार्य के दौरान विभिन्न इलाकों में दौरा करने समय जो भी बैरियर या टोल प्लाजा में लगे शुल्क से विहीन माने जाते हैं। दुर्ग राजनांदगांव बाईपास टोल प्लाजा में कंपनी के नियमों की दुहाई देकर टोलकर्मी ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की एक भी नहीं सुनते और उनसे बदतमीजी से पेश आते हैं।

सूने मकान से जेवर व नगदी चोरी

महासमुंद (आरएनएस)। शंकर नगर वार्ड में चोरों ने दिनदहाड़े सूने मकान से जेवरात पार कर दिए। जानकारी के मुताबिक शंकर नगर नहर पार के पास किराए के मकान में निवासरत सावित्री बाई यादव एवं उसके पति तेजराम रोज की भांति 4 अक्टूबर की सुबह साढ़े 9 बजे मकान का दरवाजा बंद कर काम पर व बच्चे स्कूल चले गए। सावित्री बाई के मुताबिक किराए के मकान में दो दरवाजे हैं। एक दरवाजा किचन और दूसरे बेडरूम से खुलता है। बेडरूम का दरवाजा हमेशा बंद रहता था और किचन के रास्ते होकर आना-जाना करते हैं। शाम को लौटीं तो कमरे के अंदर आलमारी खुला देख चोरी की आशंका हुई। आलमारी खोलकर देखा तो लॉकर टूटा और एक जोड़ी सोने की आई रिंग आधा तोला, एक माला में गुंथा 18 नग सोने का लाकेट करीब एक तोला, एक मराठी माला जिसमें दो नग सोने का लाकेट एवं चार नग गेंहू दाना गुंथा, एक जोड़ी चांदी की पायल 20 तोला, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया एवं नगदी साढ़े 4 हजार रूपए गायब थे। बताया जाता है कि चोरों ने बेडरूम के दरवाजे को धक्का देकर खोला और चोरी करने के बाद दरवाजा बंद कर चले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

शांतिपूर्ण जारी है लारा प्रभावितों का आंदोलन

रायगढ़। श्रीमदभगवत के कर्मण्येवाधिकारस्ते का पालन करते हुए लारा प्रभावित अपने अधिकार के लिए लगातार आंदोलन में डटे हैं। शांतिपूर्ण चल रहा आंदोलन में एनटीपीसी संयंत्र के गेट के पास

महिलाओं का जमावड़ा लगा हुआ है। जो अपने हक के लिए आवाज बुलंद कर रही हैं। पिछले लगभग 7 महीनों से चल रहा यह आंदोलन कई मोड़ो से होकर गुजरा है। छत्तीसगढ़ के हर किसी के मुंह जबानी बनने वाला आंदोलन आज भी अनवरत जारी है। विस्थापित किसानों के मुआवजा, पुनर्वास लाभ और नियमित रोजगार के लिए चल रहा है। यह आंदोलन छत्तीसगढ़ का सबसे लंबा आंदोलन पहले ही बन चुका है। विस्थापितों का कहना है कि हमारी मांग पूरी होते तक हम शांतिपूर्ण तरीके से अपना आंदोलन जारी रखेंगे। आंदोलन में आज माननीय राज्यपाल के नाम चिट्ठी लिखी गई। जिसमें उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन होने की बात कही गई है। अपनी चिट्ठी में विस्थापितों ने जिक्र किया है की किस तरीके से उनके आंदोलनों को कुचला गया और अत्याचार और भ्रष्टाचार में लिप्त के कर्मचारी एनटीपीसी प्रबंधन के किस तरीके से उनके अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उनको शरण देने वाली प्रशासन का भी उल्लेख पत्र में किया गया है। एनटीपीसी प्रबंधन और प्रशासन की अनदेखी और मनमानी को जाहिर करने वाला यह पत्र माननीय राज्यपाल के नाम लिखा गया। विस्थापित आंदोलन स्थल से अपनी स्थिति को जाहिर करने के लिए लगातार पत्र लिख रहे हैं। इसके पहले माननीयाधिकार आयोग तथा माननीय सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखा जा चुका है।

आर्ट ऑफ ब्युटी एसोसिएशन का ब्यूटी सेमीनार संपन्न

नामचीन ब्यूटीशियनों ने सिखाए मेकअप के नए-नए टिप्स

रायगढ़। आर्ट ऑफ ब्युटी एसोसिएशन के द्वारा शहर के होटल साई श्रद्धा में एक सेमीनार व कार्य शाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुम्बई से आई स्किन विशेषज्ञ प्रांगना वेदान्त , दूबई से आए मेकअप आर्टिस्ट सरिता पटेल के द्वारा इस कार्यक्रम में शामिल होनें आए लोगों को मेकअप प्रशिक्षण दिया गया।

घोषणा पत्र की तैयारी में जेसीसी (जे)-भाजपा, कांग्रेस से आगे

रायपुर। अजित जोगी जी सुप्रीमो जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के द्वारा विगत 6 माह पूर्व ही अपनी पार्टी के घोषणा पत्र समिति का गठन कर दिया हैंजिसमे डी.आर. अग्रवाल पूर्व उप महाधिवक्ता एवं प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ जेसीसी(जे) तथा डॉ. हरिदास भारद्वाज पूर्व मंत्री, सुश्री सहजादी कुरैशी, श्रीमती जया कश्यप, लक्ष्मण मंडावी, कुबेर यदु, डॉ विक्रम सिंघल और अन्य सदस्यों को घोषणा पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी है उनके निर्देशों के अनुसार घोषणा पत्र में जन समस्याओं कोउचित स्थान मिल सके यह सुनिश्चित करने हेतु गाँव और बूथ स्तर तक समितियो तथा उप समितियो का गठन भी किया गया है जिसमे 90 विधानसभा क्षेत्रो से सुझावप्राप्त कर लिए गए है।

डी.आर अग्रवाल ने बताया कि घोषणा पत्र पार्टी का आइना होता है जिसमे जनता अपना भविष्य तराश सकती है और आगे यह कहा की पार्टी का घोषणा पत्र लगभगतैयार हो चूका है और चूँकि हमारी पार्टी का गठबंधन बसपा सुप्रीमो मायावती जी से हो चूका है जिसमे संयुक्त घोषणा पत्र जारी करना प्रस्तावित है। शीघ्र ही संयुक्त बैठककर घोषणा पत्र जारी कर दिया जायेगा और यह घोषणा पत्र प्रदेश की जनता में विश्वास कायम करेगा और प्रदेश को नारों में नहीं हकीकत में विश्वसनीय छत्तीसगढ़ कास्वरूप देगा।

राफेल सौदे को लेकर वकील विनीत ढांडा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 10 अक्टूबर को करेगा सुनवाई

नई दिल्ली। बहुचर्चित राफेल लड़ाकू विमान डील विवाद अभी पूरी तरह से थमा नहीं है. एक बार फिर इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है. सोमवार को दायर की गई इस याचिका पर सर्वोच्च अदालत आज ही सुनवाई करेगी. वकील विनीत ढांडा ने याचिका दायर करते हुए मांग की है कि फ्रांस और भारत के बीच आखिर क्या समझौता हुआ है उसे सार्वजनिक किया जाए. इसके अलावा मांग की गई है कि राफेल की वास्तविक कीमत भी सभी को बताया जाए.बता दें कि इससे पहले भी एक और याचिका दायर की गई थी, जिसपर 10 अक्टूबर को सुनवाई होनी है. पिछली सुनवाई याचिकाकर्ता की तबीयत खराब होने के कारण टल गई थी. गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्षी पार्टियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने में जुटी हुई हैं. राहुल गांधी लगातार इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं.

क्या हैं कांग्रेस के आरोप?

राहुल गांधी और कांग्रेस पिछले कई महीनों से यह आरोप लगाते आ रहे हैं कि मोदी सरकार ने फ्रांस की कंपनी दसाल्ट से 36 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद का जो सौदा किया है, उसका मूल्य पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में विमानों

की दर को लेकर जो सहमति बनी थी उसकी तुलना में बहुत अधिक है. इससे सरकारी खजाने को हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है. पार्टी ने यह भी दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौदे को बदलवाया और एचएएल से ठेका लेकर रिलायंस डिफेंस को दिया गया.

बीजापुर में आवासीय विद्यालय के परिसर में 13 वर्षीय किशोरी की मिली लाश

बीजापुर. जिले के पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय नेलसनार में एक 13 वर्षीय किशोरी की लाश मिली 7

आवासीय विद्यालय के परिसर में बदबू आने के बाद जब वहां कार्यरत स्टॉफ के द्वारा परिसर की पड़ताल की गई तो, एक कमरे में किशोरी का क्षत-विक्षत हालत में सड़ी गली लाश बरामद हुई.मौके पर पुलिस ने पहुंचकर, लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया. जांच में आई पुलिस ने बलात्कार के बाद हत्या करने की आशंका जता रही है.

राजेन्द्र अग्रवाल बने जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य

रायगढ़। छ ग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल को भारतीय रेल ने क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है। इससे पूर्व इस पद पर गोपाल अग्रवाल रायगढ़ की जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उल्लेखनीय है की इस ज़ोन में बिलासपुर रायपुर नागपुर तीन मंडल आते हैं। उनकी इस नियुक्ति पर चेंबर महामंत्री हीरा मोटवानी प्रदेश उपाध्यक्ष नन्द किशोर अग्रवाल प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल उपाध्यक्ष घनश्याम बंसल, रामजी लाल अग्रवाल, बजरंग महमिया (अध्यक्ष एक्शन कमेटी) , करतार सिंह कालरा, नंदलाल मोटवानी सचिव श्रवण केजरीवाल ललित बोदिया, रविशंकर अग्रवाल, विनय कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार गर्ग महावीर अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल सह सचिव राहुल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र अग्रवाल तुलसी, राजेंद्र अग्रवाल केडिया, मोहन अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल किरोड़ीमलनगर, भगवानदास बजाज, विकास गोयल, अशोक जैन, डोल नारायण देवांगन अशोक अग्रवाल गांधी गंज, वेद प्रकाश अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल मंगला ट्रेडिंग, मनोज गुप्ता किशोर कुकरेजा, परितोष शुक्ला, उमाशंकर पटेल पेट्रोल पंप, चंद्रशेखर चौधरी, शिव कुमार अग्रवाल विजय कुमार गर्ग, विनोद कुमार अग्रवाल अजंता ऑप्टिकल, राकेश पटेल, दीपक अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, साई ट्रैवल्स नवीन खजांची, प्रदीप झुंगी ने राजेंद्र अग्रवाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की जोशीली बैठक... वक्त है बदलाव का

रायगढ़। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद जयेश जैन के आव्हान पर एक बैठक आहूत की गई, जिसमें रायगढ़ नगर निगम के लोकप्रिय पार्षद गण, पूर्व पार्षद, संगठन के कई पदाधिकारी, निष्ठावान एवं अनुभवी कार्यकर्ता, एवं समर्पित युवा कांग्रेसजनों ने मिलकर आज की इस बैठक में संकल्प लिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में तन मन धन से लड़ कर रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं पूरे जिले में कांग्रेसी उम्मीदवारों की विजय सुनिश्चित करेंगे और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उत्साही कार्यकर्ताओं कि इस जोशीली बैठक में कांग्रेस नेता डॉक्टर राजु अग्रवाल ने कहा कि हम सबको एकजुट होकर यह तय कर लेना है कि राज्य की दमनकारी, असफल और सिर्फ चुनावी राजनीति करने वाली सरकार को हरायेंगेऔर रायगढ़ विधानसभा में ही नहीं अपितु रायगढ़ जिले की सभी सीटों को जीतकर कांग्रेस की सरकार बनाने में सहयोग करेंगे।

कांग्रेस की विधानसभा सीट के प्रबल दावेदार डॉ राजू लगातार पूरे क्षेत्र में मतदाताओं से सतत संपर्क कर कांग्रेस की जीत के लिए पूरी ऊर्जा के साथ गहन प्रयत्न कर रहे हैं। आज की बैठक में 350 से ज्यादा कांग्रेस के उत्साहित और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर कांग्रेस के नेता डॉ राजू अग्रवाल को यह आश्वासन दिया कि इस बार हम सब मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी को निश्चित ही विजय दिलाएंगे और प्रदेश में इस बार कांग्रेस की सरकार बनाने में हम सब पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे।

विधानसभा निर्वाचन के संचालन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2018 के अंतर्गत कार्यों के संचालन हेतु जिला कार्यालय निर्वाचन सामान्य शाखा रायगढ़ में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम कक्ष क्रमांक 15 दूरभाष क्रमांक 07762-231950 में कर्मचारियों को तीन पालियों में कार्य संपादन हेतु आगामी आदेश पर्यन्त तक के लिए आदेशित किया गया है। कंट्रोल में नियुक्त कर्मचारी कंट्रोल रूम प्रभारी अधिकारी श्रीमती नम्रता डोंगरे से संपर्क कर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थापित कंट्रोल रूम में माह अक्टूबर 2018 के 7, 10, 13, 16, 19, 22, 25, 28 तारीख एवं माह नवंबर 2018 के 1, 4, 7, 10, 13, 16, 19, 22, 25, 28 तारीख अथवा माह दिसम्बर 2018 के 1, 4, 7, 10 एवं 13 तारीख को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए उप पंजीयक सहकारी संस्था रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 श्रीमती बबीता मालाकार एवं उप संचालक कृषि रायगढ़ के सहायक ग्रेड 3 सुश्री माधुरी त्रिपाठी की ड्यूटी लगाई गई है।

दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक जिला व्यापार एवं केन्द्र रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 के सुबरन लाल उरांव एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी लोईंग रायगढ़ के के सहायक ग्रेड 3 नवीन किशोर स्वर्णकार की ड्यूटी लगाई गई है एवं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक के लिए सहायक आयुक्त आबकारी विभाग के सहायक ग्रेड-3 श्री रामकुमार कंवर एवं उमावि महापल्ली रायगढ़ सहायक ग्रेड-3 कैलाश यादव की ड्यूटी लगाई गई है।

अक्टूबर 2018 के 6, 8, 11, 14, 17, 20, 23, 26, 29 तारीख एवं माह नवंबर 2018 के 2, 5, 8, 11, 14, 17, 20, 23, 26, 29 तारीख अथवा माह दिसम्बर 2018 के 2, 5, 8, 11 एवं 14 तारीख को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए जिला परिवहन अधिकारी रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 अनिता सिदार एवं वन मंडल रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 ममता राव, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक वनमंडल रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 महेश्वर डनसेना एवं पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 रामकुमार उपाध्याय एवं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक उप संचालक रेशम रायगढ़ के सहायक ग्रेड-श्री रामसिंह पटेल एवं आईसीडीएस रायगढ़ शहरी के सहायक ग्रेड-3 श्री जयमंगल प्रसाद डनसेना की ड्यूटी लगाई गई है।

अक्टूबर 2018 के 9, 12, 15, 18, 21, 24, 27, 30 तारीख एवं माह नवंबर 2018 के 3, 6, 9, 12, 15, 18, 21, 24, 27, 30 तारीख अथवा माह दिसम्बर 2018 के 3, 6, 9, 12 एवं 15 तारीख को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 कु. निशा यादव एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी लोईंग रायगढ़ के सहायक ग्रेड 3 श्रीमती जयश्री थवाईत की ड्यूटी लगाई गई है।

दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिए कार्यपालन अभियंता के सहायक ग्रेड 3 के आनंद कुमार बरेठ एवं खनिज संसाधन विभाग रायगढ़ के सहायक ग्रेड 3 भूषण लाल चौहान एवं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक मत्स्य विभाग के सहायक संचालक सहायक ग्रेड-3 बालेश्वर पटेल एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ सहायक ग्रेड-देवकुमार डनसेना की ड्यूटी लगाई गई है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर, सर्व करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग ऑर्ड हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931